भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-828
उत्तर देने की तारीखः 12/12/2022

पाम के पत्तों पर लिखी पांडुलिपियां

†828. श्री मद्दीला गुरूमूर्तिः

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की देश में पाम के पत्तों पर लिखी पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने की कोई योजना है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ग) सरकार द्वारा देश में पाम के पत्तों पर लिखी पांडुलिपियों के संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं या उठाए जाने का विचार है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) से (ग) जी हां। संस्कृति मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, भारत सरकार ने संस्कृति मंत्रालय के माध्यम से राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन (एनएमएम) की स्थापना की है, जिसका अधिदेश भारत की पाण्डुलिपि विरासत का दस्तावेजीकरण, संरक्षण, डिजिटलीकरण करना है। एनएमएम पूरे भारत में पांडुलिपि संसाधन केंद्रों (एमआरसी) और पांडुलिपि संरक्षण केंद्रों (एमसीसी) की सहायता से सभी पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देता है जिसमें पाम के पत्तों पर लिखी पांडुलिपियां भी शामिल हैं। अब तक, एनएमएम के पास पूरे देश में 90 से अधिक एमआरसी और एमसीसी हैं जो पांडुलिपियों के प्रलेखन, संरक्षण और डिजिटलीकरण के कार्य में लगे हुए हैं।

*****